कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

सत्रांत परीक्षा, सत्र-2024-25

कक्षा: 7, विषय: हिंदी

भाग-2, वर्णनात्मक प्रश्न-पत्र, सेट-'ए'

दिन व दिनांक : शुक्रवार - फरवरी 21, 2025

अधिकतम अंक : 40 **समय सीमा: 2 घंटे**

नाम: ________________ **अनुक्रमांक: ________**

<u>सामान्य निर्देश -</u>

i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 3 पृष्ठ और 2 खंड हैं| खंड क-'साहित्य' तथा खंड-ख 'लेखन'

ii) 6 मुख्य प्रश्न हैं जिसमें प्रश्न-1 में 7 उपप्रश्न हैं जिसके लिए10 अंक निर्धारित किए हैं, प्रश्न 2 में 5 उपप्रश्न हैं जिसके लिए 10 अंक हैं , प्रश्न 3 के लिए 2 अंक तथा प्रश्न 4, 5, 6 के लिए 6 अंक प्रति प्रश्न निर्धारित हैं |

iii) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |

iv) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|

	खंड 'क' साहित्य	**(22अंक)**
प्रश्न1)	**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए-**	**(2×5= 10)**
i)	जालीघर में रहने वाले सभी जीव एक दूसरे के मित्र बन गए थे, पर कुब्जा के साथ ऐसा संभव क्यों नहीं हो पाया?	**(2)**
ii)	'धरती की - सी रीत है, सीत घाम औ मेह' दी गई काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए |	**(2)**
iii)	पाठ - 'भोर और बरखा' के आधार पर बताइए कि किस महीने में मीराबाई का मन उमंग से भर जाता था और क्यों?	**(2)**
iv)	खानपान की मिश्रित संस्कृति हमें चीज़ों के असली स्वाद से भी वंचित (अलग) कर देती है, कैसे ? स्पष्ट कीजिए|	**(2)**
v)	कठपुतली को अपने पाँव पर खड़े होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती ?	**(2)**
vi)	मोर - मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए ? पाठ - 'नीलकंठ' के आधार पर उत्तर दीजिए-	**(2)**
vii)	'बंसीवारे ललना' , 'मोरे प्यारे' , लाल जी कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन - कौन सी बातें कहती हैं?	**(2)**

प्रश्न2)	**निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए-**	**(2.5×4=10)**
i)	लेखिका को नीलकंठ की बहुत सी चेष्टाएँ (हरकतें) भाती थीं | आप में भी कुछ ऐसी खूबियाँ जरूर होंगी जो आपके परिजनों को अच्छी लगती होंगी | सोचकर बताइए कि वे कौन -सी खूबियाँ हैं और उन्हें क्यों अच्छी लगती हैं?	**(2.5)**
ii)	प्रत्येक व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति हेतु धनराज पिल्लै की तरह संघर्षशील नहीं होता है कुछ भाग्य के भरोसे भी रहते हैं | ऐसी स्थिति में आप क्या सोचते हैं? अपने लक्ष्य को पाने हेतु आप दोनों में से किसे चुनेंगे? अपने विचार स्पष्ट कर लिखिए-	**(2.5)**
iii)	रहीमदास जी ने अपने दोहे में बताया है कि संपत्ति आने पर लोग अनेक प्रकार से हमारे मित्र व सगे-संबंधी बनने का प्रयास करते हैं| इस विषय में आपकी क्या राय है? क्या आप भी अपने मित्र का चुनाव उसकी आर्थिक स्थिति देखकर करेंगे या किसी और कारण से? अपने विचार स्पष्ट कर लिखिए |	**(2.5)**
iv)	मीराबाई श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त हैं? यहाँ तक कि सावन की फुहारें भी उन्हें उनके आराध्य का स्मरण करातीं हैं| आप ईश्वर के प्रति अपने प्रेम व आस्था को किस प्रकार दर्शाते हैं या आपका ईश्वरीय भक्ति में कोई लगाव नहीं| अपने विचार लिखिए-	**(2.5)**
v)	'नीलकंठ' पाठ का उद्देश्य जनमानस में पशु - पक्षियों के प्रति प्रेमभाव को फैलाना है। इस पाठ के माध्यम से हम पक्षियों के महत्व को समझ पाते हैं| प्रेम, सहयोग, सुरक्षा की भावना ना केवल मनुष्य में होती है अपितु ये पशु - पक्षी में भी निहित होती है| आपके विचार में पशु - पक्षियों के प्रति मानव का व्यवहार कैसा होना चाहिए?	**(2.5)**
प्रश्न3)	**सुलेख लिखिए -**	**(2)**
	प्रयास और परिश्रम की महिमा से कौन परिचित नहीं है| प्रयास और परिश्रम के द्वारा मनुष्य अपने खोए हुए मान-सम्मान और धन - संपदा को पुनः प्राप्त कर सकता है | जो लोग समस्या का समाधान ढूँढ़ने में समर्थ होते है वे कभी असफल नहीं होते| कुछ लोग असफल होने पर निराश होकर बैठ जाते हैं| उनका जीवन निरर्थक और सारहीन बन जाता है | आलसी बन जाना एवं निराश होकर बैठ जाना स्वयं के साथ अन्याय करना है |	

	खंड – ख 'लेखन'	**(18 अंक)**
प्रश्न4)	**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों का एक अनुच्छेद अथवा लघु कथा लिखिए-** **'शिक्षा क्षेत्र में इंटरनेट'** पर एक अनुच्छेद लिखिए | **अथवा** **'लालच - दुख का कारण'** शीर्षक पर एक लघु कथा लिखिए|	**(6)**
प्रश्न5)	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें-** अपने छोटे भाई को 'जंक फूड' से दूर रहने और पौष्टिक भोजन खाने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए| **अथवा** हाल ही में आपने अपने विद्यालय की मैगज़ीन 'परंपरा' के लिए एक लेख लिखा | उसके विषय में बताते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए|	**(6अंक)**
प्रश्न6)	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 10-12 वाक्यों का संवाद लिखिए-** **मोमोज़ तथा बर्गर** के बीच बातचीत **अथवा** **पेड़ और लकड़हारे** के बीच बातचीत	**(6अंक)**